विश्वविद्यालय पंच वर्षीय विधि महाविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट का आयोजन कल से

जयपुर 3 जून राजस्थान विश्वविद्यालय, की पंचवर्षीय विधि महाविद्यालय द्वारा रांका पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 4 जून से 6 जून 2021 को प्रतिस्पर्धी कानून विषय पर " 10वीं FYLC राका राष्ट्रीय मूट कोर्ट" का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस प्रतियोगिता द्वारा अर्जित अनुभव के माध्यम से अदालत की कार्य व्यवस्था को समझने और बौद्धिक चुनौतियों का वातावरण तैयार करने के लिए किया गया हैं। प्रतिस्पर्धा कानून देश के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के विकास में मदद करता है और बड़े समूह को छोटी इकाइयों और उपभोक्ताओं का शोषण करने से रोकता है। इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 120 प्रतिभागि भाग ले रहे हैं।

पंचवर्षीय महाविद्यालय के निदेशक डॉ संजुला थानवी के अनुसार कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय श्री न्यायमूर्ति विनीत सरन (न्यायाधीश, भारत के सर्वोच्च न्यायालय) ,माननीय गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ न्यायमूर्ति पी.एस. भाटी (न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय), रहेंगे व विशिष्ठ अतिथि श्री एम.एस. राव (राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर) होंगे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन की अध्यक्षता में किया जायेगा। यह एक ऑनलाइन कार्यक्रम है जिसका
लिंक https://us02web.zoom.us/j/87608352126?pwd=WkJlSlRzV3NOVE9RTjRFbkJMelN5QT09 है।

जनसंपर्क अधिकारी
राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर